कोटा दशहरा मेला में इस बार बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा रावण, 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजावट होगी

इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर होगा, 215 फीट का रावण, गरबा आयोजन और रामलीला इसकी खास पहचान बनेंगे

कोटा, (निसं)। शहर की सांस्कृतिक विरासत और गौरव का प्रतीक दशहरा मेला इस वर्ष अपने 132वें संस्करण में ऐतिहासिक रूप लेने जा रहा है। नगर निगम ने इसकी भव्यता से तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को श्रीराम रंगमंच पर विधिवत मुहूर्त के साथ गणेश स्थापना की गई।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी, नगर निगम दक्षिण कमिश्नर अनुराग भार्गव, कोटा उत्तर नगर निगम आयुक्त अशोक त्यागी, उपायुक्त महेश गोयल, महावीर सिंह सिसोदिया और मेला प्रभारी सत्यनारायण राठौर ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस बार दशहरा मेला ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित होगा जो भारतीय सेना की बहादुरी और राष्ट्रभक्ति को समर्पित है। मेले की लाईटिंग, सजावट, झूलों, दुकानों और प्रवेश द्वारों पर तिरंगे के तीनों रंग केसरिया, सफेद और हरा प्रमुखता से दिखेंगे। मेले का हर कोना देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नजर आएगा।

कोटा राष्ट्रीय दशहरा मेला आयोजन की तैयारियों की शुरूआत गणेश पूजन के साथ हो गयी है।

215 फीट का रावण:- मेले का सबसे बड़ा आकर्षण इस बार बनने वाला 215 फीट ऊंचा रावण पुतला होगा, जो अब तक का विश्व में सबसे ऊंचा रावण होगा। इससे पहले अंबाला में 210 फीट (2016) और दिल्ली के द्वारिका में 211 फीट (2024) ऊंचा रावण बन चुका है। मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए कोटा नया इतिहास रचेगा। राजवंशी के अनुसार रावण को तैयार करने में करीब दो महीने का समय लगेगा और 100 से अधिक कुशल मजदूर लगाए जाएंगे। इस विशाल पुतले को खड़ा करने के लिए विशेष हाइड्रोलिक क्रेनों का उपयोग किया जाएगा और करीब 100 फीट लंबा स्टील पेड़ा (आधार) तैयार किया जाएगा।

दशहरे से 10 दिन पहले रावण को खड़ा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और एक-दो दिन पहले ही पूरी तरह स्थापित कर दिया जाएगा हालांकि, मेले में कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई नहीं बढ़ाई जाएगी। दोनों 60-60 फीट के ही रहने वाले हैं। विवेक राजवंशी ने बताया कि कोटा में अब तक 101 फीट का रावण बन चुका है। उसके बाद ऊंचाई कम कर दी गई थी। बीते साल 80 फीट का रावण बनाया गया था। उन्होंने बताया कि रावण को बनवाने में करीब 10 लाख के आसपास का बजट खर्च होता है। रावण को खड़ा करने में भी राशि खर्च होती है। रावण और उसके कुनबे के मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को बनवाने में एक महीने से ज्यादा का समय लगता है। इस बार रावण की ऊंचाई ज्यादा है तो समय भी अधिक लगने वाला है इसलिए तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं।

इस बार होगी रामलीला और रामकथा:- विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि दशहरा मेला कोटा की सांस्कृतिक पहचान है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रामकथा और रामलीला को दोबारा आरंभ किया जाएगा।

■ पूजा-अर्चना के साथ मेले की तैयारियां शुरू हुई

रामलीला मंचन से युवा पीढ़ी को हमारी परंपराओं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन संदेश से जोड़ने का अवसर मिलेगा। इस बार मेला 22 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा और रावण दहन 2 अक्टूबर को होगा। मेले के दौरान पहली बार नवरात्र के 9 दिनों तक गरबा आयोजन भी किया जाएगा जो पुलिस कंट्रोल रूम के पास मैदान में होगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि दुकानों और झूलों का किराया नहीं बढ़ाया जाएगा जिससे व्यापारियों और आमजन को राहत मिलेगी।

व्यापारियों के लिए होंगे विशेष प्रबंध:- मेला अध्यक्ष ने बताया कि मेलें में देशभर से व्यापारियों के आने की संभावना है और नगर निगम इसके लिए विशेष प्रबंध कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुकानों की ब्रांडिंग, सजावट और स्वच्छता में पहले से भी अधिक सुधार किया जाएगा। इससे व्यापार को गति मिलेगी और कोटा पर्यटन के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाएगा। पिछले वर्ष सफाई व्यवस्था में हुए सुधारों को देखते हुए इस बार और अधिक व्यवस्थित योजना बनाई गई है। लालबाई माताजी के मंदिर के रास्ते में आने वाली बाधा को हटाया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। हर स्थान पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

ऑपरेशन सिंदूर को जीवंत करेगा ड्रोन शो:- विवेक राजवंशी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर थीम को जीवंत करने के लिए इस बार एक खास ड्रोन शो भी आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय सेना की बहादुरी और शौर्य को आकाश में दर्शाया जाएगा। साथ ही प्रवेश द्वार, मंच और मेला परिसर की सजावट में विशेष तिरंगा रोशनी और फ्लेक्स लगाए जाएंगे। देशभक्ति गीतों की धुन पर सजे झूले और चकरी भी दर्शकों को एक नया अनुभव देंगे। नगर निगम का दावा है कि इस बार कोटा दशहरा मेला न सिर्फ राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित करेगा। नगर निगम, पुलिस प्रशासन और सांस्कृतिक संगठनों के समन्वय से इसे सफल बनाने की योजना बनाई गई है।

सार-समाचार

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पखवाड़ा आज से

रामगंजमण्डी, (निसं)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई शनिवार से जिले में तम्बाकू निषेध पखवाड़ा शुरू होगा। पखवाड़े में 14 जून तक राज्य स्तर से दिए निर्देशों के अनुसार तम्बाकू निषेध नियमों की सख्ती से पालना करवाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2023 (कोटपा) तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2019 की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करने के साथ ही तम्बाकू दुष्प्रभावों के बारे में जन जाग्रति की जाएगी। तम्बाकू निषेध के लिए कोटपा की धारा 4 एवं 6 के अन्तर्गत जिले में कम से कम 1000 चालान काटने एवं एक्ट की धारा 5 एवं 7 के अन्तर्गत एक सीजर की कार्रवाई का लक्ष्य दिया गया है। तम्बाकू मुक्त आंगनबाड़ी केंद्र के लिए तम्बाकू निषेध के साइनेज का प्रदर्शन, केंद्र के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बिक्री निषेध नियमों की पालना, लाभार्थियों का सेंसेटाईजेन जैसी गतिविधियां होंगी। साथ ही तम्बाकू बिक्री केंद्रों पर तम्बाकू उत्पादों के प्रदर्शन निषेध की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चत की जाएगी।

किशोर ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। सुल्तानपुर थाना इलाके में एक 17 वर्षीय किशोर ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर इलाके के संजय गांधी नगर निवासी 17 वर्षीय किशोर प्रियांशु ने घर में गमछे से फांसी का फन्दा लगा लिया। घटना का पता लगने पर परिजन किशोर को नीचे उतार कर उपचार के लिये सुल्तानपुर चिकित्सालय ले गये। जहां से किशोर को उपचार के लिये कोटा के एमबीएस अस्पताल के लिये रैफर कर भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक किशोर कक्षा 12वीं का छात्र था और रिजल्ट में भी उसके अच्छे नम्बर आये थे। पुलिस ने कहा कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

ऑल राजस्थान सिख वेलफेयर सोसायटी का गठन

कोटा, (निसं)। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सिख समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक शुक्रवार को जयपुर में राजापार्क स्थित गुरूद्वारे में सम्पन्न हुई। बैठक में ऑल राजस्थान सिख वेलफेयर सोसायटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जयपुर के सरदार जगजीत सिंह सूरी को अध्यक्ष चुना गया। कोटा के सरदार मनिन्दर सिंह को सचिव व सरदार भूपिन्दर सिंह आनन्द को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सोसायटी के सचिव मनिन्दर सिंह ने बताया कि यह संस्था पूरे राजस्थान में सिख समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा व समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सभी के कल्याण के लिए कार्य करेगी। संस्था द्वारा बहुत जल्द सभी जिलों में प्रतिनिधि भी नियुक्त किए जाएंगे।

वार्ड परिसीमन की आपत्तियों का सरकार के स्तर पर नहीं हो रहा निस्तारण

कोटा, (निसं)। कोटा में फिर से एक नगर निगम करने के लिए किए गए वार्ड परिसीमन व पुर्नगठन की आपत्तियों का अभी तक राज्य सरकार के स्तर पर न तो निस्तारण हुआ है और न ही प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया है। इस मामले को लेकर कोटा उत्तर उप-महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि समय रहते निस्तारण किया जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक सरकार कोई फैसला नहीं ले सकीं। कोटा में वर्तमान में उत्तर व दक्षिण दो नगर निगम हैं। राज्य सरकार द्वारा यहां फिर से एक निगम करने की अधिसूचना जारी की थी, उसके तहत नगर निगम की ओर से वार्डों का, परिसीमन व पुनर्गठन किया गया है। 150 से घटाकर वार्डों की संख्या 100 कर दी गई है। परिसीमन होने के बाद उस पर आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व व्यक्तिगत स्तर पर करीब 150 से अधिक आपत्तियां दर्ज कराई गई, जिन्हें नगर निगम द्वारा टिप्पणी के साथ 8 मई तक राज्य सरकार को भेज दिया था। सरकार द्वारा 14 दिन में यानि 22 मई तक उन आपत्तियों का निस्तारण कर प्रस्तावों का अनुमोदन करना है, लेकिन नहीं किया गया, इससे जाहिर है कि सरकार अपने स्वार्थ के लिए इन वार्डों को अपने माफिक बनाकर असंवैधानिक काम कर रही है। सोनू कुरैशी ने कहा कि कई वार्डों को बहुत छोटा कर दिया जबकी कई वार्डों को बहुत ही बड़ा किया गया है। हालत यह है कि निर्धारित अवधि से एक सप्ताह अधिक होने के बाद भी- अभी तक न तो आपत्तियों का निस्तरण हुआ है और न ही प्रस्तावों का अनुमोदन किया जा सका है।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर सिन्धु सोशल सर्किल, कोटा व विश्व सिन्धी सेवा संगम, कोटा चैप्टर की ओर से एक कार्यक्रम 'काश! कश न लिया होता' आयोजित किया गया। इसमें 80 जनों ने अपने जीवन में कभी भी धूम्रपान या किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं की शपथ ली।

उन्हें यह शपथ विश्व सिन्धी सेवा संगम, कोटा चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम भाटिया, सिन्धु सोशल सर्किल के संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी उपाध्यक्ष हरीश दयानी, सचिव किशन रतनानी, सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवानी, कोषाध्यक्ष मनोहर दयानी, निदेशक संतोष करमचंदानी, भागचन्द हेमनानी, पूर्व अध्यक्ष राज ठाकुर ने दिलवाई। प्रेम भाटिया ने बताया कि इस वर्ष की थीम उस रणनीति को उजागर करना है कि किस तरह तम्बाकू के अलग-अलग उत्पाद बनाने वाली कंपनियां आकर्षक विज्ञापनों के जरिए लोगों को, विशेषकर युवाओं को इस मायाजाल में उलझाती हैं। राजकुमार खूबचंदानी और प्रेम संतवानी ने अपने अनुभव सुनाए। सचिव किशन रतनानी ने कहा कि 90 प्रतिशत मुख कैंसर का कारण तम्बाकू हैं। आभार उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने दिया।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर सिन्धु सोशल सर्किल व विश्व सिन्धी सेवा संगम ने कार्यक्रम आयोजित किया है।

कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी, जिला झालावाड़, राजस्थान

क्रमांक ::-न0पा0भ0/सामान्य/2025/165 दिनांक :- 28/05/2025

Corrigendum

राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि पालिका निविदा सूचना कमांकः- E-02/2025-26, पालिका पत्रांक न0पा0भ0/सामान्य/2025/4235-4237 दिनांक 25.03.2025 के द्वारा दिनांक 15.04.2025 को आमंत्रित निविदा की अनुमानित लागत 57.00 लाख सत्तावन लाख रू0 है। श्रीमान् अध्यक्ष महोदय के आदेश एवं अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

NIB code - DLB2425A6924

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका भवानीमण्डी

राज.संवाद/सी/25/3316

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

क्रमांकः-ननिको(उ.)/जन0स्वा0/2025/340-352 दिनांक : 26.05.2025

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र के नवीन सम्मिलित कैथून एवं उसके साथ सम्मिलित गांव खेडारामपुरा व भीमपुरा आदि गांव की आबादी एवं विकसित कॉलोनियों तथा उनको जोडने वाले मुख्य मार्गो एवं अन्य मुख्य मार्गो हेतु आवश्यकतानुसार संवेदक के माध्यम से सफाई कार्य हेतु 50 बीट अकुशल श्रमिक की सेवाओं के उपापन के लिए ऑनलाइन बोली। दर संविदा वार्षिक अनुबंध करने वाले पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा पद्धति द्वारा ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रकार कार्य की अनुमानित राशि निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
अनुमानित राशि 54 लाख
1. UBN No. DLB2526WSRC06125
2. NIB No. DLB2526A1813

अति० आयुक्त
नगर निगम, कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/25/3338

नकली डीएपी खाद की जाँच व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो : मनोज दुबे

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर पुरे देश में नकली डीएपी खाद की जाँच कराने व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए डबल इंजन की भाजपा सरकार में दोहरी लूट और किसानों के साथ हो रहे धोखे को बेहद शर्मनाक बताया है।

मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान सरकार के मंत्री द्वारा नकली डीएपी खाद बनाने की फैक्ट्रीयों को पकड़ना बड़ा गंभीर मामला है। जब केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री के संसदीय क्षेत्र किशनगढ़ में ही नकली डीएपी खाद का धंधा जोरों पर हो और किसानों के साथ विश्वासघात किया जा रहा हो, तो बाकी देश में क्या हाल होगा? पूरे देश में किसानों को नकली डीएपी बेचा जा रहा है। डीएपी खाद की भारी किल्लत के बीच खाद माफियाओं के हौसले बुलंद है।

मनोज दुबे ने कहा की नकली खाद तैयार करना केवल मिलावट नहीं, बल्कि अन्नदाता के साथ घोर अन्याय है। अपने खून पसीने से खेतों को सींचने वाले किसानों भाईयों के भरोसे से ऐसा विश्वाशघात करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना जाएगा। इनके खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई की ताकी आगे से कोई ऐसा अपराध करने की सोचे भी नहीं।

■ 'नकली खाद तैयार करना व बेचना अन्नदाता के साथ घोर अन्याय है'

मनोज दुबे ने कहा की भाजपा सरकार के डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में नाकाम रहने का फायदा नकली खाद माफिया उठा रहे है। खाद के संकट में जिन किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिल रहा है। या जरुरत से कम मिल रहा है।

उन किसानों को खाद माफिया जमकर लूट रहे है। नकली खाद का परिणाम खेत भुगत रहे हैं। ऐसी फसल स्वास्थ्य के लिए बड़ी नुकसानदायक है। खेत बंजर हो रहे सो अलग। इससे किसानों के उत्पादन पर भी फर्क पड़ रहा है। जिससे किसानों का बड़ा नुकसान हो रहा है।

मनोज दुबे ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में नकली खाद प्रकरण में लिप्त सभी आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर किसानों के साथ न्याय करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर इस प्रकरण को तुरन्त संज्ञान में लाकर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

आईटीआई में ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ

रामगंजमण्डी (निसं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद जिला कोटा में सत्र 2025-26/ 27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में केन्द्रिकत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संस्थान के प्रवेश प्रभारी राजेश चेजारा, समुह अनुदेशक ने बताया कि यह प्रवेश प्रक्रिया एनसीवीटी योजनांतर्गत संचालित व्यवसायों फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक एवं कोपा के लागू होगी। प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 10 जुलाई तक राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से भरे जा सकते है। आवेदन के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित की गई है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/100989 **लोक सूचना** दि.30.05.2025

श्री RAJESH KUMAR MEENA पुत्र श्री SHIV NATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री GIRIRAJ पुत्र श्री GANESH जाति KHATIK निवासी AJIPURA DORAI KA RASTA KEKRI AJMER श्री BIJENDRA BAIRWA पुत्र श्री JOHARI जाति BAIRWA निवासी WARD NO 0,FATEHPUR, FATEHPUR, KARAULI RAJEASTHAN श्री GOVIND CHOUHAN पुत्र श्री HARI OM CHOUHAN जाति DHOBI निवासी KUNJADON KI MASJID KE PASS,SHRIPURA KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	RAJESH KUMAR MEENA S/O SHIV NATH CASTE- MEENA VILLAGE- SANWAR, TALEDA, BUNDI	649/584	2226	0.2226
2.	संवर, तलेड़ा (बूंदी)	1.GIRIRAJ S/O GANESH CASTE- KHATIK KEKRI AJMER KHATEDAR 2.BIJENDRA BAIRWA S/O JOHARI CASTE- BAIRWA FATEHPURA SAPOTRA KAROLI ,3. RAMESH CHANDEL S/O CHHOTU LAL CHANDEL CASTE- KHATIK 6G51 VIGYAN NAGAR VISTAR YOJANA KOTA KHATEDAR	249	15700	1.57
				कुल	1.7926

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30/5/2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला बारां (राज.)

क्रमांक : न.प.आ./भूमि/2024-25/452-455 प्रारुप- 10 दि. 28.05.2025

{ नियम 6 (7) देखिए }

लोक सूचना

श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री पुरुषोत्तम जाति- ब्राहमण निवासी- अन्ता जिला- बारां (राज.) ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के ऑधोगिक उपयोग हेतु, ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
जिला- बारां तहसील- अन्ता	राजस्व ग्राम बमोरी अन्ता पटवार हल्का बमोरी अंता, तह. अन्ता	335 रकबा 2.59 है.	1575 वर्गमीटर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम,1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के आवासीय उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28.05.2025 को जारी की गयी। (दिपक नागर)
प्रधिकृत अधिकारी नगर पालिका अन्ता

छापा मार कार्यवाही में 60 किलो गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने एवं तस्करों की धरपकड़ के लिये केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो अलग-अलग स्थानो पर छापा मार कार्यवाही करते हुए करीब 60 किलों अवैध मादक गांजा सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तर किया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने एक गोदाम परिसर में बने एक कमरे में छापा मार कार्यवाही करते हुए 48.890 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया वही दूसरी ओर एक घर में छापा मार कार्यवाही करते हुए 11.120 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं।

यह दोनों कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गेदर्शन में की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्तियों ने चंदेरिया (चितौड़गढ़) स्थित आदित्य केमिकल गोदाम के परिसर में बने एक कमरे में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा संग्रहित कर छुपा कर रखा है। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि उक्त सूचना पर (सीबीएन) चितौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और कार्यवाही के लिये टीम को मौके पर रवाना किया गया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।

उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि गठित टीम मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर मौके पर पहुंची और टीम ने आदित्य केमिकल गोदाम परिसर में बने एक मकान पर छापा मार कार्यवाही करते हुए 48.890 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर कानूनी औपचारिकता पूरी कर बरामद अवैध गांजा को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

11.120 किलोग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार:-केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) भवानीमंडी सेल के अधिकारियों ने जिला मंदसौर के तहसील शामगढ़ ग्राम-मेलखेड़ा में स्थित एक घर पर छापा मार कार्यवाही करते हुए 11.120 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया की (सी.बी.एन) को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति ने ग्राम-मेलखेड़ा में स्थित अपने घर पर भारी मात्रा में गांजा संग्रहित कर छुपा कर रखा है। उन्होने बताया की उक्त सूचना पर सीबीएन भवानीमंडी सेल के अधिकारियों की एक टीम ने उक्त घर पर छापा मारा और गांजा से भरे 02 बैग बरामद किए, जिनका कुल वजन 11.120 किलोग्राम था। कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात गांजा को जप्त कर एन.डी.पी.एस. एक्ट में कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

घर के बाहर खड़ी एक दर्जन से अधिक कारों के तोड़े शीशे

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में गुरूवार देर रात्रि को बेखौफ अज्ञात बदमाशों ने इलाके के विभिन्न स्थानो पर उत्पात मचाते हुए घर के बाहर खड़ी करीब एक दर्जन से अधिक कारों के शीशे तोड़ दिये। शुक्रवार सुबह जब कार मालिकों ने घर के बाहर खड़ी अपनी कार के टुटे हुए शीशे देखे तो उनके होश उड़ गये।

अज्ञात बदमाशों ने विवेकानंद नगर, श्रीनाथपुरम व आरकेपुरम इलाको में खड़ी मंहगी गाड़ियो के फ्रंट व पीछे के शीशे तोड़ दिये। अज्ञात बदमाशों द्वारा कारों में की गई तोड़फोड़ से स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय वार्ड पार्षद सुमित्रा खींची को फोन पर दी। जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद सुमित्रा खींची ने सेक्टर- बी पहुंचकर घटना की जानकारी ली तो सामने आया कि सेक्टर-बी में छह कारों के शीशे टुटे हुए मिले। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी तीन-चार बार हो चूकी है। लेकिन पुलिस प्रशासन ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने में विफल रहा है। वहीं वार्ड पार्षद पति भुवनेश खींची ने बताया कि स्थानीय पार्को में देर रात्रि तक असमाजिक तत्व बैठे रहते है नशा करते है और आने जाने वाले लोगो से अभद्र भाषा बोलते है। वही आरकेपुरम इलाके के अलग-अलग स्थानों पर भी कारों के शीशे अज्ञात बदमाशों द्वारा तोड़े गये है।

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूर संचार विभाग
निविदा सूचना-दिनांक 05.05.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी(सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों Tender No.Kota /SNT/SIG/2025/04, Kota /SNT/ SIG/ 2024/19M के लिये निर्धारित ई-निवदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एंव समय टेबल मे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जावेगा। **टेण्डर सं.-** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/04, **कार्य का नाम-** एनुअल मेंटेनेंस कान्ट्रेक्ट (एएमसी) ऑफ इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग सिस्टम ऑफ क्योसान मेक इन्सटॉल्ड ऑन कोटा डिविजन फोर 3 इयर्स। (JAPN, JAKA, ALKA, GHATOLI, NGPK, JHW)(2025) **कार्य की अनुमानित लागत-** रू. 3,25,70,171.28/-, **बयाना राशि-** रू. 312900/-, **तारीख एवं समय- दिनांक 02.06.2025 को 15:00 बजे तक**, **टेण्डर सं.-** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/19M, **कार्य का नाम-** डिफेक्टिव केबिलस् रिप्लेसमेन्ट एंड एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ वेरियस ट्रेक रिलेटेड वर्क्स इन कोटा डिविजन, **कार्य की अनुमानित लागत-** रू. 5,39,88,630.52/-, **बयाना राशि-** रू. 4,20,000/-, **तारीख एवं समय-** दिनांक 06.06.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर. ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)
वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/365 **विज्ञप्ति** दिनांकः-30.5.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना आकाश नगर खसरा नं. 90 में स्थित भूखण्ड संख्या 2-सी-3/2 क्षेत्रफल 55.55 वर्गगज आवेदक/आवेदिका श्री ललित मालव पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश मालव निवासी ग्राम दीपप